सेक्टर-142 स्टेशन से बॉटनिकल गार्डन तक नए रूट पर मेट्रो चलाने की तैयारी

एक्वा लाइन दिल्ली मेट्रो से जुड़ेगी

सहूलियत

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुक्रवार को मेट्रो के दो और रूट को मंजूरी दे दी है। ग्रेनो की एक्वा लाइन के सेक्टर-142 स्टेशन को मेट्रो के जरिए बॉटनिकल गार्डन स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इससे यात्री सीधे दिल्ली पहुंच सकेंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो चलाई जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया। अब दोनों रूटों की डीपीआर एनएमआरसी बनाएगी।

अभी एक्वा लाइन मेट्रो नोएडा के सेक्टर-51 तक जाती है। यह अभी नोएडा मेट्रो से जुड़ी भी नहीं है। साथ ही, सेक्टर-142 से यह मुड़ जाती है। अब नए रूट को मंजूरी मिलने के बाद एक्वा लाइन की कनेक्टिविटी सीधे दिल्ली से हो जाएगी।

इस रूट के बनने से घाटे में चल रही एक्वा लाइन को राहत मिलेगी। पहले एनएमआरसी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करेगी। डीपीआर शासन को भेजा जाएगी। पूर्व में भी इस रूट की डीपीआर नोएडा प्राधिकरण बनवा चुका है, लेकिन उस पर अमल नहीं को पाया है।

बोड़ाकी रेलवे स्टेशन जेवर एयरपोर्ट से जुड़ जाएगा : ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक और मेट्रो रूट की डीपीआर बनवाने का फैसला लिया है। ग्रेटर नोएडा के मेट्रो डिपो स्टेशन से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक मेट्रो चलाई जाएगी। बोड़ाकी में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब प्रस्तावित है, इसलिए यह रूट बनाया जाएगा। इससे जेवर एयरपोर्ट भी जुड़ जाएगा।

करीब तीन किलोमीटर के इस ट्रैक पर दो स्टेशन बनाए जाएंगे। बोड़ाकी से ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो जुड़ते ही वह जेवर एयरपोर्ट की जद में भी आ जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने परी चौक से जेवर तक मेट्रो चलाने की तैयारी कर रहा है। इसकी डीपीआर बन चुकी है।

यह रूट हो सकता है



11 किलोमीटर लंबाई होगी प्रस्तावित मेट्रो रूट की। तीन किलोमीटर का ट्रैक बनेगा बोड़ाकी मेट्रो के लिए

छह स्टेशन बन सकते हैं

इस नए रूट की लंबाई करीब 11 किलोमीटर होगी। इसमे छह मेट्रो स्टेशन बन सकते है। सेक्टर 125, 98, 108 और 91 के बाद सेक्टर 142 मे मेट्रो स्टेशन बनाए जा सकते है।

समय की बचत होगी

ग्रेनो मेट्रो को उम्मीद के मुताबिक यात्री नहीं मिल रहे है। दिल्ली से सीधी कनेक्टीविटी न होना, इसकी बडी वजह है। इस मेट्रो से सफर करने वालो को नोएडा से ग्रेनो पहुचने में करीब 50 मिनट लग जाता है। इसके चलते ग्रेनो प्राधिकरण ने मेट्रो का नया प्लान बनाया है। नई योजना मे ग्रेनो सीधे दिल्ली से जुड जाएगा। तब ग्रेनो मे बसावट भी बढ जाएगी और नोएडा-ग्रेनो मेट्रो का घाटा भी दूर हो जाएगा।